शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 275 | गुवाहाटी | सोमवार, 6 मई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

हिन्दुत्व, तुष्टिकरण और आरक्षण के मुद्दे पर पीएम मोदी का विपक्ष पर फूटा गुस्सा पेज 2
महानगर में भाजयुमो की विशाल बाईक रैली पेज 3
सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे चुनाव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेज 5
मैक्कुलम ने न्यूजीलैंड के क्रिकेट को ऊंचाई पर पहुंचाया, टेस्ट क्रिकेट को ... पेज 7

# तीसरे चरण का प्रचार थमा, कल वोटिंग

**नई दिल्ली /गुवाहाटी।** चुनावी महापर्व के तीसरे चरण में रविवार को 92 सीटों पर चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। तीसरे चरण में 12 राज्यों की 92 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटें, बिहार की पांच सीटें, मध्य प्रदेश की आठ सीटों, पश्चिम बंगाल की चार सीटों, महाराष्ट्र में 11 सीटों, कर्नाटक में 14 सीटों, गुजरात की 26 सीटों, छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार रविवार शाम छह बजे समाप्त हो गया। इस चरण में 10 सीट पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश की संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली संसदीय सीट पर सात मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। इस चरण में 100 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 1.88 करोड़ मतदाता करेंगे। इनमें एक करोड़ से अधिक पुरुष मतदाता और 87 लाख से अधिक महिला मतदाता शामिल हैं। तीसरे चरण में केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल (आगरा), उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह (मैनपुरी) और राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि (हाथरस) की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। लोकसभा चुनाव का यह चरण समाजवादी पार्टी (सपा) के यादव परिवार के लिए भी महत्वपूर्ण है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए प्रयास कर रही हैं, जिसे उन्होंने अपने ससुर और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीता था। सपा के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद सीट से फिर से मैदान में हैं। इस सीट से उन्होंने 2014 में चुनाव जीता था। आदित्य यादव सपा का गढ़ मानी जाने बदायूं लोकसभा सीट से अपने चुनावी करियर की शुरुआत कर रहे हैं। 2014 में बदायूं सीट पर आदित्य के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव ने जीत हासिल की थी। तीसरे चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रहे कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह एटा से हैट्रिक बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। बरेली में मुख्य मुकाबला भाजपा के छत्रपाल सिंह गंगवार और सपा के प्रवीण सिंह ऐरन के बीच है। इस सीट पर बसपा उम्मीदवार मास्टर छोटे लाल गंगवार का नामांकन पत्र खारिज हो गया है। तीसरे चरण में जिन 10 लोकसभा सीट पर मतदान हो रहा है, उनमें से भाजपा ने इस बार पांच नए चेहरों को टिकट दिया है जिनमें बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार (संतोष गंगवार की जगह), बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य (संघमित्रा मौर्य की जगह), हाथरस से अनूप प्रधान वाल्मीकि (राजवीर सिंह दिलेर की जगह), फिरोजाबाद से विश्वदीप सिंह (चंद्रसेन जादौन की जगह) और मैनपुरी लोकसभा सीट से -शेष पृष्ठ दो पर



## राज्य में भी चुनाव प्रचार समाप्त

**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम में 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए रविवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दलों ने आज चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगा दी। राजधानी गुवाहाटी समेत सभी चार लोकसभा क्षेत्रों में जमकर चुनाव प्रचार किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज राजधानी गुवाहाटी तथा शुवालकुची में बाइक रैली तथा रोड शो कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, राज्य सरकार के कई मंत्री तथा भाजपा के नेता अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियां में भाग लेते हुए देखे गए। विपक्षी गठबंधन द्वारा धुबड़ी लोकसभा सीट के मानकाचर में एक विशाल चुनावी रैली आयोजित की गई। जबकि, धुबड़ी के मुस्लिम बहुल इलाके में निवर्तमान सांसद तथा एआईयूडीएफ के प्रत्याशी मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित किया। सभी दलों के नेता एक दूसरे दलों पर आरोप प्रत्यारोप में लगाते रहे। इधर, चुनाव आयोग द्वारा राज्य की कुल 14 लोकसभा सीटों में से अंतिम चरण के मतदान के लिए चार लोकसभा सीटों पर तैयारियां पूरी कर ली गई। ज्ञात हो कि तीसरे और अंतिम चरण में असम के गुवाहाटी, बरपेटा, कोकराझाड़ तथा धुबड़ी सीटों पर मतदान होना है। मतदान केंद्रों पर व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई हैं। राज्य के संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केंद्र पर सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गई है।

## प्रचार के आखिरी दिन खराब मौसम का असर पड़ा



**गुवाहाटी।** असम में रविवार को तीसरे चरण के मतदान के लिए राजनीतिक दलों के प्रचार का आखिरी दिन खराब मौसम के कारण प्रभावित हुआ। राज्य की चार लोकसभा सीटों गुवाहाटी, धुबड़ी, कोकराझाड़ और बरपेटा में मंगलवार को मतदान होगा। असम के कई हिस्सों में रविवार को बारिश और तेज हवाएं चलीं। गुवाहाटी मौसम कार्यालय के अनुसार, रविवार से शुरू होने वाले पांच दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने के साथ आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को धुबड़ी सीट के मनकाचर में एक -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव : भारी उत्साह के बीच सीएम ने किया अभियान का समापन



**गुवाहाटी।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव 2024 आगे बढ़ रहा है, असम में प्रचार अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने की, जो 7 मई को होने वाले महत्वपूर्ण तीसरे चरण के लिए तैयार हो रहे हैं। उत्साह और आशावाद के साथ शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रैली की। राज्य के निर्वाचन क्षेत्र चिलचिलाती गर्मी और लगातार बारिश का सामना कर रहे हैं। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक स्वीकृति में, शर्मा ने प्रत्येक कार्यकर्ता के अथक प्रयासों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, जिनकी प्रतिबद्धता उनके -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## भाजपा गठबंधन के समर्थन में बराक ब्रह्मपुत्र, पहाड़-मैदान एक : सोनोवाल



**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक बड़ा अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मोदी लहर ने हाल के वर्षों में असम को पुनर्जीवित कर दिया है और असम और पूर्वोत्तर का विकास एक नए शिखर पर पहुंच गया है। सर्वानंद सोनोवाल की ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, कार्यकुशलता और स्वच्छ छवि की छवि ने इस बार भी असम में भाजपा के अभियान को गति दी। 2024 लोकसभा चुनाव देश की 10वीं लोकसभा चुनाव 2024 लोकसभा चुनाव देश की 10वीं लोकसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि विकास के पुनर्जागरण को आगे बढ़ाने के लिए जनता फणीभूषण चौधरी को भारी मतों से चुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा -शेष पृष्ठ दो पर

*पीओके पर बलपूर्वक कब्जा करने की जरूरत नहीं...*

## यहां के लोग स्वयं चाहेंगे भारत में शामिल होना : रक्षामंत्री



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कहा कि भारत अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी क्योंकि यहां के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ सिंह ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्थिति में काफी सुधार हुआ है और एक समय ऐसा आएगा जब केंद्र शासित प्रदेश में अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम) की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, रक्षा मंत्री ने कहा कि यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है और वह उचित निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव भी जरूर होंगे, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत को कुछ नहीं करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से जमीनी हालात बदले हैं, क्षेत्र में जिस तरह से आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां जिस तरह से शांति लौटी है, मुझे लगता है कि पीओके के लोगों की ओर से यह मांग उठेगी कि उनका भारत में विलय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*जो अपने कर्तव्यों से बचते हैं, वे अपने आश्रितों परिजनों का भरण-पोषण नहीं कर पाते।*

**- आचार्य चाणक्य**

## न्यूज गैलरी

### असम-मेघालय सीमा पर उपद्रवियों ने जलाई पुलिस चौकी

**गुवाहाटी।** अज्ञात हमलावरों ने शनिवार रात असम-मेघालय सीमा पर स्थित पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिले में एक अस्थायी पुलिस गश्ती चौकी में आग लगा दी। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जब चिरिलांगसो, तापत क्षेत्र में चौकी को निशाना बनाया गया तब कोई -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत-पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ जवान ने की आत्महत्या

**जैसलमेर (हि.स.)।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा की बबलीयानवाला पोस्ट पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने रविवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। तनोट थाना पुलिस ने बताया कि दोरांग, असम निवासी मुकंदा डेका (57) बीएसएफ में कॉन्स्टेबल के पद पर जैसलमेर से करीब 140 किलोमीटर दूर बबलीयानवाला पोस्ट पर तैनात थे। जवान ने सीमा चौकी में पेड़ से फंदा -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा में दो अलग-अलग स्थानों से 16 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार



**अगरतला (हि.स.)।** त्रिपुरा के धलाई जिले के दो अलग-अलग स्थानों से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। इनके साथ तीन बच्चों को भी पकड़ा गया है। इन सभी के पास से बांग्लादेश सरकार का टिकट, कोविड टीकाकरण दस्तावेज और कुछ बांग्लादेशी मुद्रा जब्त की गई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर धलाई जिले के गंडाचेरा थाना पुलिस ने मास कुंभिरपारा से 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। यह सभी तीन साल पहले काम की तलाश में पश्चिम बंगाल के हकीमपुर -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव के चौथे चरण में 360 उम्मीदवारों के खिलाफ क्रिमिनल केस



**नई दिल्ली।** 18वीं लोक सभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव के दौरान आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सबसे ज्यादा उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। इस चरण के लिए मैदान में उतरे 1717 प्रत्याशियों में से 360 (21 प्रतिशत) प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि 274 (16 प्रतिशत) उम्मीदवार ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। चुनाव के पहले चरण में 252 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले और 161 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे जबकि दुसरे चरण के लिए मैदान में उतरे 250 प्रत्याशियों में से 167 प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले थे जबकि 14 प्रतिशत प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। इसी प्रकार तीसरे चरण में 244 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले और 172 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। एसोसिएशन आफ डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (डी.आर.) द्वारा उम्मीदवारों के हलफनामों के आधार -शेष पृष्ठ दो पर

## आग बुझाने के दौरान बेहोश हुआ वन कर्मी, झुलसी चौथी श्रमिक की भी मौत



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के कुमाऊं में जंगलों की आग अब विकराल हो गई है। जंगलों में लगी आवासीय क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों के निकट तक पहुंचने लगी है। आग में जले पेड़ वाहनों के लिए खतरा बन गए है। बागेश्वर, कांडा और कपकोट, लोहाघाट के झूमाधुरी, गलचौड़ा, भवल्टा और बरदाखान के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। झूलाघाट क्षेत्र के कानड़ी, बलतड़ी, तड़ीगांव, गेठीगाड़ा, बनाड़ा, मजिरकांडा, भटेड़ी, अमतड़ी, रणवां और थल केदार के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। जंगलों -शेष पृष्ठ दो पर

*सामने आया कोरोना का नया वेरिएंट एफएलआईआरटी*

## वैक्सीन लगवा चुके लोगों को भी संक्रमण का खतरा




**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के उस खौफनाक दौर को लोग आज भी भूल नहीं पाए हैं। भले ही कोरोना के मामले कम हो गए हैं लेकिन यह वायरस अभी भी हमारे बीच मौजूद है। इसके अलग-अलग स्ट्रेन हेल्थ एक्सपर्ट्स और लोगों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। इसी बीच अब कोरोना का और एक नया स्ट्रेन सामने आया है, जिसने फिर से लोगों की चिंता बढ़ा दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कोविड-19 के वेरिएंट का एक समूह चिंता का कारण बन गया है। कोरोना के इस नए वेरिएंट को वैज्ञानिकों ने *एफएलआईआरटी* नाम दिया है। यह नया वेरिएंट ओमिक्रोन फैमिली का माना जा रहा है। बता दें ओमिक्रोन कोरोना का वही स्ट्रेन है, जिसने दुनियाभर में सबसे ज्यादा तबाही मचाई थी। भारत में आई कोरोना की दूसरी लहर के पीछे भी ओमिक्रॉन ही जिम्मेदार था। हेल्थ एक्सपर्ट्स और वैज्ञानिकों के अनुसार, कोरोना का यह वेरिएंट फिलहाल अमेरिका के कुछ हिस्सों में फैल रहा है। बढ़ते मामलों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि यह वेरिएंट दुनिया के अन्य हिस्सों में भी अपने पैर पसार -शेष पृष्ठ दो पर

## चांद पर अनुमान से आठ गुना ज्यादा मिले बर्फ के सबूत



**नई दिल्ली।** चांद पर किए गए नए अध्ययन में भारतीय वैज्ञानिकों को अनुमान से पांच से आठ गुना ज्यादा बर्फ के सबूत मिले हैं। यह चांद की सतह के एक से तीन मीटर नीचे मौजूद है। अध्ययन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से जुड़े वैज्ञानिकों ने किया है। इसमें आईआईटी कानपुर, दक्षिणी कैलिफोर्निया विवि, जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से जुड़े शोधकर्ताओं के सहयोग से किया है। आईएसपीआरएस जर्नल ऑफ फोटोग्रामेट्री एंड रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, शोधकर्ताओं का कहना है कि बर्फ की गहराई के बारे में सटीक जानकारी मिलने से भविष्य में चांद पर भेजे जाने वाले मिशन की लैंडिंग के लिए सही स्थान तय करने में मदद मिलेगी। साथ ही नमूने इकट्ठा करने के चयन व चांद पर इन्सानों के बसने के सपने को सच करने में भी यह जानकारी मददगार साबित होगी। बर्फ की जांच के लिए वैज्ञानिकों ने कई उपकरणों की मदद ली, जिनमें चांद के टोही -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# हिन्दुत्व, तुष्टिकरण और आरक्षण के मुद्दे पर पीएम मोदी का विपक्ष पर फूटा गुस्सा

**सीतापुर (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां कहा कि मैं गारंटी के साथ आपसे वादा करता हूँ कि अपने शरीर का कण-कण एवं क्षण-क्षण आपकी सेवा में लगाऊंगा। मेरा अपना कोई परिवार नहीं है, मेरा परिवार भी आप हैं और मेरे वारिस भी आप हैं। मेरा भारत मेरा परिवार है। जैसे परिवार का कोई मुखिया अपने वारिस के लिए दिन-रात काम करता है, वैसे ही आप मेरे वारिस हैं। मैं आपको कुछ देकर जाना चाहता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धौरहरा लोकसभा अंतर्गत हरगांव कस्बे में आयोजित चुनावी रैली में अपने आप को जनता से भावनात्मक रूप से जोड़ते कि अगले 5 वर्ष के लिए मैं आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं। जनता ईश्वर का रूप होती है। ईश्वर तभी आशीर्वाद देते हैं जब आप कोई संकल्प लेकर प्रभु के चरणों में जाते हैं। पीएम मोदी ने जनता को यह बताने की कोशिश की कि क्षेत्र एवं देश का विकास करने में मोदी कहीं से भी पीछे नहीं हैं। लखीमपुर व सीतापुर की जनता की नब्ज टटोलते हुए उन्होंने इन दोनों जनपदों को यूपी में चीनी का कटोरा बताया। मोदी ने कहा कि सपा सरकार में गन्ना किसानों के जीवन में कड़वाहट घोल दी थी। योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इन कमियों को दूर करने का प्रयास किया है। सपा, बसपा के समय गन्ना किसानों का बकाया चुका दिया गया है। योगी सरकार ने 7 वर्ष में उससे ज्यादा पैसा दिया है। उन्होंने कहा कि सीतापुर, लखीमपुर धौरहरा के किसानों को किसान सम्मान निधि का भरपूर लाभ मिला है। क्षेत्र में केले की खेती का हब बने सरकार इसका प्रयास कर रही है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 के पहले 10 वर्ष आपने कांग्रेस का शासन देखा। देश व प्रदेश का बुरा हाल कर रखा था। देश की एजेंसियों को आतंकी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने दी जाती थी। आतंकी खुलेआम धमकी देते थे। सरकार आतंकवादियों से मुकदमे भी वापस लेती थी। अफसरों को दबाया जाता था। यहां तक की हाईकोर्ट को भी कठोर टिप्पणी करनी पड़ी थी। कोर्ट ने तब पूछा था कि क्या आतंकवादियों को पद्म विभूषण दिया जाएगा? उन्होंने तुष्टिकरण की राजनीति पर हमला बोला। उन्होंने सपा, बसपा, कांग्रेस को घेरते हुए, कहा कि तुष्टिकरण उनकी मजबूरी बन गई है। पिछले 10 साल में गरीबों के दरवाजे पर मोदी सरकार की योजना पहुंच रही है। यह लोग धर्म विशेष की राजनीति कर रहे हैं। एससी, एसटी, ओबीसी को हर योजना का लाभ पहुंच रहा है। मुस्लिम समाज इंडी गठबंधन से छिटक चुका है। एससी ओबीसी हमारे साथ आ चुका है। सबका साथ सबका विकास पर मेरी सरकार काम कर रही है। मुसलमानों के हित की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के उन्हें मिल रहा है। मुस्लिम समाज भी यह समझ रहा है। परंतु कांग्रेस के लोग उनमें फूट डालकर भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। मुस्लिम समाज भी अब कांग्रेस गठबंधन से छिटक चुका है। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि इनका घोषणा पत्र मुस्लिम लीग की छाप वाला है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। डॉ. आंबेडकर, नेहरू सहित विभिन्न महापुरुषों ने कहा था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा परंतु कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देने में लगी है। आरक्षण पर मोदी ने कहा यादव, कुर्मी, लोधी, कुशवाहा, सहित अन्य पिछड़े समाज व दलित समाज का कांग्रेस हक लूटने की कोशिश करेगी। जनता को उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि जब तक मोदी जिंदा है संविधान पर इनको कोई भी खेल नहीं खेलने दूंगा। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने दूंगा। एससी एसटी ओबीसी का आरक्षण चोरी नहीं होने दूंगा। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए मोदी ने कहा कि उनकी नजर आपकी संपत्ति पर भी है। मैंने कांग्रेस वालों के दिमाग का एक्सरे कर लिया है।

## दक्षिण बस्तर में 35 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**दंतेवाड़ा (हि.स.)।** दक्षिण बस्तर में पुलिस व सीआरपीएफ का नक्सलियों पर बढ़ते दबाव का परिणाम नजर आने लगा है। दक्षिण बस्तर के तीनों जिले के सरहदी इलाकों सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में सक्रिय एक-एक लाख रुपए के तीन इनामी सहित 35 नक्सलियों ने रविवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने कहा कि समर्पण करने वाले नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ दिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 180 इनामी नक्सली सहित कुल 796 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं। इस मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, द्वितीय कमान अधिकारी (परि.) सीआरपीएफ अनिल कुमार झा, द्वितीय कमान अधिकारी विवेक कुमार सिंह 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन उपस्थित रहे।

## पुंछ में हमला : जम्मू में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन

**जम्मू (हि.स.)।** मिशन स्टेटहुड के अध्यक्ष सुनील डिंपल ने सेना के काफिले पर हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में रविवार को जम्मू में एक जोरदार पाकिस्तान विरोधी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। हमले में पांच जवान घायल और एक जवान जवान शहीद हो गया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान, उन्होंने आईएसआई, हाफिज सईद, अजहर मसूद और लश्कर-ए-तैयबा सहित पाकिस्तान से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पुतले जलाए, जो जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों, मुठभेड़ों और ऑपरेटिंग मॉड्यूल में उनकी कथित संलिप्तता को उजागर करते थे।

# मोदी सरकार ने बदली राजनीति की परिभाषा और संस्कृति : नड्डा

**रायपुर (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों की सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और भ्रष्टाचार और कुशासन के लिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की। जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि यह चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में वोटबैंक, परिवारवाद, जातिवाद, धर्म और तुष्टीकरण की राजनीति होती थी, लेकिन मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है। आज विकासवाद, रिपोर्टकार्ड, जवाबदेही की राजनीति होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम करते हुए इस देश को आगे ले जाने का काम किया है। नड्डा ने दावा किया कि इस चुनाव में चार सौ से अधिक सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासियों और दलितों-पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालकर अपने चहेते वोटबैंक को देना चाहती है। सोनिया गांधी ने हलफनामा देकर श्रीराम को काल्पनिक बताया था। छत्तीसगढ़ के इलाके नक्सलवाद से प्रभावित थे, लेकिन मोदी ने नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिले, एकलव्य मॉडल स्कूल, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड, ग्राम विकास जैसी योजनाओं से आज आदिवासी क्षेत्रों में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। मोदी सरकार में आदिवासी समुदाय का बजट तीन गुना और एकलव्य विद्यालयों का बजट 21 गुना बढ़ा है। नड्डा ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है और जो नहीं कहती है, उसे भी पूरा करती है। कांग्रेस शासन में जनजातीय समुदाय के नाम पर रजनीति की जाती थी, वादे सिर्फ भाषणों तक ही सीमित रह जाते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समुदाय की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। मोदी ने जनजातीय समुदाय को आत्मसम्मान देने का काम किया और आदिवासी समुदाय की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ नए घरों का निर्माण किया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर घर को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी और अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीदेगी। नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने सरगुजा में मेडिकल कॉलेज बनाया, भिलाई में आईआईटी स्थापित की, राजनंदगांव में भारत का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम खुल रहा है। अंबिकापुर के रेलवे स्टेशन का 34 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है। मोदी का कहना है कि भ्रष्टाचार हटाओ लेकिन घमंडिया इंडी गठबंधन का कहना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न समुद्र, न पाताल, सभी लोक में भ्रष्टाचार किया। लालू यादव ने चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, नौकरी के नाम पर जमीन हड़पी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, के. कविता, अरविंद केजरीवाल और एमके स्टालिन सहित इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं पर भ्रष्टाचार के अनेक मामले दर्ज हैं।



# पृष्ठ एक का शेष

### तीसरे चरण का ...

जयवीर सिंह को पहली बार प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा ने एटा, आगरा, आंवला और फतेहपुर सीकरी से मौजूदा सांसदों पर फिर से दांव लगाया गया है। दल ने संभल लोकसभा सीट से परमेश्वर लाल सैनी को टिकट दिया है। तीसरे चरण में कांग्रेस ने फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिंह सिकरवार को मैदान में उतारा है, जबकि उसके सहयोगी दल समाजवादी पार्टी ने बाकी नौ संसदीय क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार उतारे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों के लिए ताबड़तोड़ जनसभाएं कीं। उन्होंने 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बरेली में रोड शो में भी भाग लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो मई को बरेली, बदायूं और सीतापुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस को चुनावों में इतनी बड़ी हार मिलेगी कि राहुल गांधी को *कांग्रेस ढूंढो यात्रा* पर जाना पड़ेगा। बरेली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और सपा प्रमुख अखिलेश यादव अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हुए, क्योंकि उन्हें डर था कि उनके जाने से उनका वोट बैंक छिटक सकता है। शाह ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह वंशवाद की राजनीति करती है, क्योंकि इसके अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मौजूदा चुनाव में अपने परिवार के पांच सदस्यों को टिकट दिया है। शाह ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ अन्य यादव युवाओं को टिकट दिया होता, तो यह बेहतर होता। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी तीसरे चरण में अपने पार्टी उम्मीदवारों के लिए व्यापक प्रचार किया। वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल यादव ने अपने बेटे आदित्य यादव के लिए वोट मांगे। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने भी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने तीन मई को पार्टी उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए फतेहपुर सीकरी में रोड शो किया।

### प्रचार के आखिरी ...

सार्वजनिक बैठक रद्द करनी पड़ी क्योंकि उनका हेलीकॉप्टर गुवाहाटी से उड़ान भरने में विफल रहा। सीएम ने सुबह गुवाहाटी में एक मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया और शुआलकुची में एक रोड शो के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जो बरपेटा सीट का हिस्सा है। चार सीटों में से, भाजपा गुवाहाटी से चुनाव लड़ रही है, जबकि उसकी सत्तारूढ़ सहयोगी, असम गण परिषद, बरपेटा और धुबड़ी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। एक अन्य सत्तारूढ़ भागीदार, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) कोकराझाड़ सीट से चुनाव लड़ रही है। शर्मा ने शुआलकुची में एक रोड शो में कहा कि आज की बारिश स्वर्ग से आशीर्वाद का संकेत है। मतदान के दिन, मैं आप सभी से बड़ी संख्या में बाहर आने का आग्रह करता हूं, भले ही बारिश, तूफान या धूप हो और बरपेटा से अगप उम्मीदवार के लिए वोट करें, । 2019 में, भाजपा की रानी ओजा ने गुवाहाटी से जीत हासिल की थी, कांग्रेस के अब्दुल खालिक ने बरपेटा से जीत हासिल की थी, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने धुबड़ी से तीसरी बार जीत हासिल की थी और निर्दलीय नाबा सरानिया ने कोकराझाड़ से दूसरी बार जीत हासिल की थी। इस बार कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाएगी। मैं अफवाहें सुन रहा हूं कि असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा हमारी पार्टी में फिर से शामिल होने पर विचार कर रहे हैं, ऐसा होने पर। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कांग्रेस उन्हें अपनी पार्टी में शामिल नहीं होने देगी, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य अजॉय कुमार ने रविवार को गुवाहाटी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। मंगलवार को होने वाले चार सीटों के लिए सैंतालीस उम्मीदवार मैदान में हैं। गुवाहाटी में 8 उम्मीदवारों में से मुख्य मुकाबला भाजपा की बिजुली कलिता मेधी और कांग्रेस की मीरा बरठाकुर गोस्वामी के बीच है. बरपेटा में मैदान में मौजूद 14 उम्मीदवारों में से कांग्रेस के दीप बायन, अगप के फणी भूषण चौधरी और सीपीआई (एम) के मनोरंजन तालुकदार के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। धुबड़ी, जिसमें 13 उम्मीदवार हैं, एआईयूडीएफ के बदरुद्दीन अजमल, कांग्रेस के रकीबुल हुसैन और अगप उम्मीदवार जाबेद इस्लाम के बीच त्रिकोणीय मुकाबला भी देखा जा रहा है। कोकराझाड़ में मैदान में मौजूद 12 उम्मीदवारों में से मुख्य मुकाबला यूपीपीएल के जोयंता बसुमतारी और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के खंपा बोरगोयारी के बीच होने की उम्मीद है। राज्य की 14 में से 10 सीटों के लिए पहले दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को मतदान हुआ था।

### लोस चुनाव : भारी उत्साह ...

समर्पण के प्रमाण के रूप में खड़ी है। उन्होंने *मोदी 3.0* की निरंतरता के लिए अपनी सामूहिक आकांक्षा बताते हुए प्रतिकूलताओं के बीच उनके लचीलेपन की सराहना की। मालूम हो कि 7 मई को आगामी चरण में असम के चार महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करेंगे। जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है उनमें धुबड़ी, कोकराझाड़, बरपेटा और गुवाहाटी शामिल हैं।

### भाजपा गठबंधन के ...

असम के लोगों के पूर्ण समर्थन के साथ एक अप्रतिरोध्य गठबंधन है। माननीय नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेने के कगार पर हैं। उनके मजबूत नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश भर में विकास की जो लहर उभरी है, वह 10 साल पहले अकल्पनीय थी। इसका एक उदाहरण एक मजबूत, समृद्ध और स्वस्थ भारत के लिए *मोदी की गारंटी* माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में, पूरा देश और पूर्वोत्तर व्यापक विकास का पावरहाउस बन गया है, मोदी ने सभी चुनौतियों पर काबू पा लिया है दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गई है और विकास, शासन में पारदर्शिता और सभी स्तरों पर लोगों के सशक्तिकरण के एक नए क्षितिज की शुरुआत की है। हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में भारत की विकास रूपरेखा को बदल दिया है और कई माध्यमों से पुनर्जागरण किया है। धन योजना, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन जैसी कल्याणकारी योजनाएं, इसलिए हर स्तर पर लोगों का विश्वास मोदी सरकार में बना हुआ है। पिछली सरकार के दौरान प्रधान मंत्री के रूप में मोदी ने 64 से अधिक बार उपेक्षित पूर्वोत्तर का दौरा किया है। यह देश के किसी भी प्रधान मंत्री द्वारा अब तक की सबसे बड़ी यात्रा है। हमारी सरकार असम में स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में भी लगातार काम कर रही है। दशकों से भ्रष्टाचार, शोषण झेल रहे पूर्वोत्तर में परिवहन सहित विभिन्न पहलुओं के विकास के लिए मोदी सरकार ने 2014 से 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि उपलब्ध कराकर असम और पूरे पूर्वोत्तर के गौरव को पुनर्जीवित किया है। हत्या और कुप्रबंधन श्री मोदी ने असम में लगातार मेडिकल कॉलेज, एम्स, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र स्थापित कर एक अतुलनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, असम में विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के परिसरों को तेजी से उन्नत किया गया है - पूर्वी क्षेत्र के लोगों को एक अनूठा अनुभव हुआ है मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जीवन की गुणवत्ता में अधिकतम प्रगति और उन्नयन। आइए हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना के अनुसार 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर काम करें। सोनोवाल ने सिर झुकाया और पिछले दो महीनों में पूरे असम में उनके अटूट सहयोग, समर्थन और प्रतिक्रिया के लिए लोगों और विशेष रूप से भाजपा गठबंधन के कार्यकर्ताओं को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पित सेवा और पार्टी की संगठनात्मक मजबूती के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोगों को शांति, समृद्धि, सद्भाव और *सबका साथ, सबका विकास* की अजेय यात्रा को नया आकार देने के लिए 7 मई को एनडीए उम्मीदवारों को वोट देने के लिए बड़ी संख्या में आना चाहिए।

### यहां के लोग स्वयं ...

पीओके पर अपना कब्जा करने के लिए बल का प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि लोग ही कहेंगे कि हमें भारत में विलय करना चाहिए। ऐसी मांगें अब उठ रही हैं। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि पीओके हमारा था, है और रहेगा। जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात में सुधार का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि वहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बतायी। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से स्थिति में सुधार हो रहा है, उसे देखकर मुझे लगता है कि एक समय आएगा जब वहां अफस्पा की आवश्यकता नहीं होगी। यह मेरा विचार है और इस पर निर्णय गृह मंत्रालय को लेना है। अफस्पा सुरक्षा बलों को अभियान चलाने और बिना किसी पूर्व वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। यदि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में गोली लगने से किसी की मौत हो जाती है तो ऐसी स्थिति में अफस्पा उन्हें सजा से छूट देता है। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के छद्म युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि इस्लामाबाद को सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि वे भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं और हम ऐसा नहीं होने देंगे। पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में फरवरी 2019 में भारत के युद्धक विमानों द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर हमला किया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया है।

### त्रिपुरा में दो अलग-अलग...

भारत-बांग्लादेश सीमा से बांग्लादेश से भारत में दाखिल हुए थे। फिर वे काम की तलाश में बेंगलुरु चले गए। वर्षों तक बेंगलुरु में रहने के बाद वे बांग्लादेश लौटने के लिए 30 अप्रैल को बेंगलुरु से ट्रेन से पश्चिम बंगाल के हावड़ा स्टेशन पहुंचे। 2 मई को वे ट्रेन से सियालदह एक्सप्रेस से त्रिपुरा के लिए निकले। शुक्रवार को अंबासा रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद वे दलालों की मदद से दो ऑटो में देर रात गंडाछारा पहुंचे। उन्होंने गंडाछारा के मास कुंभीरपारा में एक घर में रात बिताई। शनिवार को उन्होंने गंडाछारा से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर बांग्लादेश जाने की योजना बनाई थी लेकिन इसी बीच उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बांग्लादेशियों की पहचान मामून सरदार (29), रूमा बेगम (25), अफसाना अख्तर (22), एमडी राजीब हल्दर (20), महाराज शेख (25), चान मिया (36), फैजल एकॉन (18) तथा फिरदौस शेख (30) के रूप में हुई है। इनके अलावा इनमें तीन बच्चे शामिल हैं। धलाई जिले में ही एक अन्य अभियान चलाकर धलाई पुलिस और रेलवे पुलिस ने अंबासा रेलवे स्टेशन से दो बच्चों सहित पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। वे बांग्लादेश के बरिशाल जिले से आकर काम की तलाश में पश्चिम बंगाल जा रहे थे।

### लोस चुनाव के चौथे ...

पर यह विश्लेषण किया गया है। चौथे चरण के लिए मैदान में उतरे 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं और इस चरण के लिए मैदान में उतरे प्रत्याशियों की औसतन संपत्ति 11.72 करोड़ रुपए है। चौथे चरण के लिए 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर मतदान होना है। इस चुनाव में 17 प्रत्याशी ऐसे हैं जिन्हे किसी न किसी मामले में अदालात में सजा सुनाई जा चुकी है, 11 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या, 30 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के प्रयास, 50 उम्मीदवारों के खिलाफ महिलाओं के खिलाफ अपराध करने के मामले और 44 उम्मीदवारों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले हैं। अपराधी उम्मीदवारों को मैदान में उतारने के मामले में क्षेत्रीय पार्टियां राष्ट्रीय पार्टियों के मुकाबले काफी आगे हैं। असदुद्दीन ओवैसी की ए. आई.एम. आई एम द्वारा इस चरण में उतारे गए 3 उम्मीदवारों (100 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं और यह सारे अपराध गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं। इसी प्रकार शिव सेना के 3 में से 2 (67 प्रतिशत) उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं और यह सभी गंभीर आपराधिक मामले हैं। बी.आर.एस.के. 17 में से 10 उम्मीदवारों (59 प्रतिशत) उम्मीवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। आंध्र प्रदेश की गुंटूर सीट से तेलगु देशम पार्टी (टी डी पी) की टिकट पर चुनाव लड़ रहे चंद्र शेखर पेम्मसानी चौथे चरण के सबसे उम्मीदवार हैं। उनकी संपत्ति 5705 करोड़ रूपए से ज्यादा है जबकि दुसरे नंबर पर तेलंगाना की चेवेला सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी कोंडा विश्वेशर रेड्डी हैं। उनकी सपंति 4568 करोड़ रुपए है तीसरे नंबर पर आंध्रा प्रदेश के नेल्लोर सीट से चुनाव लड़ रहे प्रभाकर रेडी वेमीरेड्डी हैं। उनकी संपत्ति 716 करोड़ रुपए है।

### आग बुझाने के दौरान...

में आग से वन संपदा और वन्यजीवों को काफी नुकसान पहुंचा है। टनकपुर (चंपावत) क्षेत्र के बूम वन रेंज के जंगल में शुक्रवार देर शाम को भीषण आग लग गई। वन कर्मियों ने बमुश्किल आग को फैलने से रोका। इस बीच एक वन कर्मी धुएं से बेहोश हो गया जिसका उप जिला अस्पताल में इलाज किया गया। वहीं, गुरुवार को जंगल की आग से झुलसी चौथी महिला श्रमिक पूजा ने भी दम तोड़ दिया है। इस हादसे में उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। सोमेश्वर के स्यूनराकोट में तीन दिन पूर्व जंगल की आग में चार नेपाली श्रमिक झुलस गए थे। तीन की मौत पहले ही हो चुकी है जबकि चौथी महिला श्रमिक की ऋषिकेश एम्स में उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई। बागेश्वर जिले के ओखलसों गांव में खेत में गेहूं के अवशेष जलाने के लिए लगाई गई आग को बुझाने के दौरान दो सगे भाई रिटायर्ड फौजी नारायण सिंह (62) पुत्र सुर सिंह और उनके भाई प्रताप सिंह (55) झुलस गए। वहीं, बागेश्वर जिले के रीमा में गोशाला में आग लगने से गाय और बछड़ा जिंदा जल गए। धरमघर रेंज के रेंजर प्रदीप कांडपाल ने बताया कि घटना की जांच की जाएगी। उधर, बागेश्वर रेंज के गोगिनापानी गांव में नाप खेतों में लगी आग जंगल तक पहुंच गई। अल्मोड़ा-क्वारब हाईवे तक जंगल की आग पहुंचने से आवाजाही रोकनी पड़ी। जंगल की यह आग करबला में संचालित होटल मैनेजमेंट संस्थान के पास तक पहुंच गई। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अल्मोड़ा-क्वारब हाईवे किनारे चीड़ के कई पेड़ों के जलकर गिरने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में यात्री और वाहन चालक जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने के लिए मजबूर हैं। ताड़ीखेत क्षेत्र के जंगलो में लगी आग रानीखेत-रामनगर हाईवे तक पहुंच गई। धुएं से सड़क का दिखना बंद हो गया तो चालकों ने वाहनों की आवाजाही रोक दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाई। इसके बाद आवाजाही शुरू हो पाई। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को प्रदेश में वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम और ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या के समाधान को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक ली। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की घटना पर रिस्पांस समय कम से कम हो। निचले स्तर से लेकर ऊपरी स्तर के प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या अधिक है वहां वैकल्पिक रूप से टैंकर आदि के जरिये पानी की आपूर्ति कराई जाए। सूख चुके हैंडपंपों के कारणों की जांच कर उन्हें ठीक कराया जाए। बागेश्वर जिले में वनाग्नि के साथ-साथ नाप खेतों में गेहूं के अवशेष जलाने के लिए लगाई जा रही आग से भी हालात बिगड़ रहे हैं। डीएम अनुराधा पाल, ने नाप खेतों में आग लगाने वालों पर भी नजर रखने और नाप खेत की आग जंगल तक फैलने पर खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चंपावत जिले में वनाग्नि की 55 घटनाओं में रिजर्व फॉरेस्ट में 36.89 हेक्टेयर में वनाग्नि बुझाई गई है। इन घटनाओं में 37 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 11 नामजद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, बागेश्वर जिले में अब तक वनाग्नि की 26 घटनाओं में 31.42 हेक्टेयर जंगल जला है और 94,260 रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है। मई में वनाग्नि की आठ घटनाएं हुई हैं। हालांकि जगह-जगह लग रही आग को जोड़ा जाए तो जिले में वनाग्नि की घटनाओं का आंकड़ा शतक के करीब पहुंच चुका है।

### वैक्सीन लगवा चुके ...

सकता है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि बूस्टर डोज लगवाने के बाद भी यह स्ट्रेन आपको अपनी चपेट में ले सकता है, जिसके कारण लोग काफी चिंता में हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक जे. वेइलैंड के अनुसार, वेस्ट वॉटर की निगरानी कर रही उनकी टीम को पानी के कुछ सैंपल में कोरोना का नया वेरिएंट मिला। लोगों को इस नए वेरिएंट को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। उनका ऐसा मानना है कि गर्मी की वजह से यह वेरिएंट कोरोना के मामले बढ़ा सकता है। यह वेरिएंट अमेरिका के अलावा यह दुनिया के अन्य हिस्सों में मौजूद कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि यह वेरिएंट कोरोना की एक नई लहर का कारण बन सकता है। कोरोना का यह वेरिएंट इसके अन्य वेरिएंट्स से अलग है। यह अन्य वेरिएंट की तुलना में ज्यादा खतरनाक हो सकता है। डायबिटीज या दिल की बीमारी के मरीज को इससे ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

### चांद पर अनुमान...

ऑर्बिटर (एलआरओ) पर लगे रडार, लेजर, रेडियोमीटर समेत अन्य उपकरण शामिल थे। अध्ययन से पता चला कि चांद के उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की तुलना में दोगुनी बर्फ है। इसरो के मुताबिक, इस बर्फ का संबंध कैंब्रियन काल के दौरान हुई ज्वालामुखीय गतिविधियों से है। इनसे निकली गैस लाखों वर्षों में धीरे-धीरे सतह के नीचे बर्फ के रूप में जमा होती गई। कैम्ब्रियाई कल्प पृथ्वी के भूवैज्ञानिक इतिहास में एक कल्प था, जो 54.10 करोड़ वर्ष पहले आरंभ हुआ और 48.54 करोड़ वर्ष पहले अंत हुआ। यह दृश्यजीवी इओन का और पुराजीवी महाकल्प का प्रथम कल्प था। इसके बाद ओर्डोविशी कल्प आया। इस अध्ययन के नतीजे इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के पिछले अध्ययन का भी समर्थन करते हैं, जिसमें चंद्रयान-2 के ड्युल फ्रिक्वेंसी सिंथेटिक अपर्चर रडार और पोलैरीमेट्रिक रडार से प्राप्त आंकड़ों में इस बात के संकेत मिले थे कि चंद्रमा की सतह पर मौजूद ध्रुवीय क्रेटरों में बर्फ हो सकती है। पिछले शोध में चंद्रमा की सतह के नीचे गहरे पानी के अस्तित्व का पता चला था। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सतह पर पानी की बर्फ के अस्थायी सबूत भी थे, लेकिन अब तक कोई सबूत नहीं था।

### असम-मेघालय सीमा...

भी पुलिसकर्मी मौजूद वहां नहीं था। इस घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई है। मालूम हो कि पुलिस गश्ती चौकी की स्थापना मेघालय के खासी लोगों और असम के कार्बी लोगों के बीच चल रहे सीमा विवाद के जवाब में की गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद एक सुरक्षा दल घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन चौकी पहले ही जल चुकी थी। सूत्रों का दावा है कि क्षेत्र में दोनों पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच पहले भी झड़पें हो चुकी हैं।

### भारत-पाक सीमा ...

लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह डेका को जनरेटर रूम के पीछे लगे पेड़ पर फंदे से लटकते देख जवानों ने बीएसएफ के अधिकारियों को बताया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने तनोट थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जवान के शव को पेड़ से उतारकर रामगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। अभी तक सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने खुदकुशी के कारणों को लेकर कुछ भी जानकारी नहीं दी है। जवान के साथियों ने बताया कि डेका 3 साल बाद रिटायर होने वाले थे। वह फरवरी महीने में ही छुट्टी काटकर घर से आए थे। बहुत ही मनमौजी स्वाभाव के थे। बबलीयानवाला पोस्ट पर वो जनरेटर ऑपरेट करने का काम करते थे और जनरेटर रूम में ही रहते थे। साथी जवान के सुसाइड करने से बीएसएफ के अन्य जवान सकते में हैं।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**करीमगंज (हिंस)।** करीमगंज-सिलचर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क दुर्घटना में एक स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार को करीमगंज-सिलचर को जोड़ने वाली सड़क पर कछार के श्रीकोनार दैनिक बाजार के समीप एक तेज रफ्तार कार द्वारा ठोकर मारे जाने से स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुमारपारा निवासी मृणालकांति पाल के रूप में की गई है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# महानगर में भाजयुमो की विशाल बाईक रैली

## मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने बाइक रैली का किया उद्घाटन



**गुवाहाटी (हिंस)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की पहल के तहत आज गुवाहाटी में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के प्रचार के अंतिम दिन असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने गुवाहाटी के खानापाड़ा वेटरनरी ग्राउंड से लटाशील ग्राउंड तक युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई बाइक रैली का उद्घाटन किया। रैली का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि यह चुनाव अब भी अन्य समय की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है। पिछले चुनावों की तुलना में इस बार सभी क्षेत्रों के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में सीधे आकर काफी प्रतिक्रिया दी है। राज्य में महिलाओं से 100 प्रतिशत समर्थन प्राप्त करने के साथ युवा पीढ़ी का उत्साह अभूतपूर्व है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांक्रू अंकुर बरुवा ने कहा कि पहले लोग चुनाव में हिस्सा लेने से डरते थे, लेकिन इस बार हर स्तर के लोग चुनाव को त्योहार की तरह नहीं मनाएंगे। बाद में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि आज असम में हर कोई एक परिवार की तरह है- चाहे असमिया हो, बंगाली हो, मारवाड़ी हो या बिहारी हो- सभी असम मां की संतान हैं। यही बदलाव भाजपा लेकर आई है।

## एआईयूडीएफ ने बीपीएफ उम्मीदवार खांफा बरगयारी को समर्थन किया

**कोकराझाड़ (विभास)।** एआईयूडीएफ कोकराझाड़ जिला समिति के कार्यालय में हुए एक संवादमेल के माध्यम से एआईयूडीएफ कोकराझाड़ जिला समिति के अध्यक्ष अनवर हुसैन के बीपीएफ उम्मीदवार खांफा बरगयारी को निस्वार्थ समर्थन दिया है। साथ ही इस संवादमेल के माध्यम से एआईयूडीएफ के समर्थक जनताओं को बीपीएफ उम्मीदवार खांफा बरगयारी को वोट देने का अपील किए है।

## ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत

**नगांव (हिंस)।** नगांव के डिमरूगुड़ी में ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि शिलघाट-गुवाहाटी पैसेंजर ट्रेन से मृतक के गिरने की आशंका है। करीब 50 साल के व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक के पास मिला। मृतक की पहचन नहीं हो पाई है। रेलवे पुलिस मौके पर मौजूद होकर शव को कब्जे में ले लिया और उसे अंत्यपरीक्षण के लिए अस्पताल में भेज दिया।

# रेलवे ने यूटीएस मोबाइल एप से जियो-फेंसिंग प्रतिबंध हटाया




**गुवाहाटी (हिंस)।** यात्री सुविधा बढ़ाने और यात्रियों के लिए टिकट बुक करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए भारतीय रेल ने यूटीएस ऑन मोबाइल एप पर जियो-फेंसिंग प्रतिबंधों की बाहरी सीमा को समाप्त कर दिया है। टिकट बुक करते समय ग्राहक सुविधा और अनुभव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटलीकरण पहल के रूप में तीन *सी* -कांटेक्ट लेस टिकटिंग, कैशलेस ट्रांसजेक्शन और कस्टमर कंवेनिएंस एंड एक्सपेरिएंस पर विशेष जोर दिया गया है। इससे पहले, यदि यात्री स्टेशन या घर के भीतर होते थे, तो टिकट बुक नहीं किया जा सकता था। रेलवे की जियो फेंसिंग के कारण यात्रियों को टिकट बुक करने में बाधा आती थी। लोग एक स्टेशन के 20 किमी से 50 किमी के दायरे में अनारक्षित टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक नहीं करा सकते थे। जियो-फेंसिंग की बाहरी सीमा समाप्त होने के बाद यात्री अब अपने घर या किसी भी स्थान से किसी भी गंतव्य के लिए टिकट बुक कर सकते हैं। हालांकि, यात्रियों को टिकट बुक करने के दो घंटे के भीतर स्टेशन परिसर पहुंचना होगा। यात्री स्टेशन के अंदर एप के माध्यम से टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। यूटीएस ऑन मोबाइल एप का उपयोग करने का एक लाभ यह है कि यात्रियों को एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए अपने आर-वॉलेट को रिचार्ज करते समय 3 फीसदी बोनस मिलेगा। यह अनारक्षित टिकटों की बुकिंग और खरीद में दक्षता बढ़ाने, टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों को कम करने और उपयोगकर्ताओं को डिजिटल बुकिंग प्रक्रिया की ओर प्रोत्साहित करना है।

# असम में 13 सीटें भाजपा का जीतना निश्चित : भबेश कलिता

**गुवाहाटी (हिंस)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भबेश कलिता ने दावा किया है कि राज्य की कुल 14 सीटों में से 13 सीटें भाजपा का जीतना निश्चित है। जबकि, एक धुबड़ी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने के कारण परिणाम के बारे में कहना मुश्किल है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि धुबड़ी सीट पर भी अल्पसंख्यक मतदाता इस बार बड़ी संख्या में भाजपा को वोट देने जा रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष भबेश कलिता रविवार को एक चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले चरण में हुए पांच सीटों पर मतदान तथा दूसरे चरण में हुए अन्य पांच सीटों पर मतदान की समीक्षा के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि इन 10 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतने जा रहे हैं। जबकि, तीसरे और अंतिम चरण में 7 मई को मतदान होने जा रहे चार लोकसभा सीटों में से तीन सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार जीतेंगे। गुवाहाटी सीट को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में भाजपा अध्यक्ष कलिता ने कहा कि गुवाहाटी में और किसी की लहर नहीं है, एकमात्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर है। लोग भाजपा प्रत्याशी बिजुली कलिता मेधी को भारी मतों के अंतर से चुनाव जिताएंगे। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष ने पत्रकारों के अन्य के प्रश्नों के भी उत्तर दिए।

# निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में पहुंची अभिनेत्री मंदाकिनी



**बरपेटा (हिंस)।** असम में हो रहे लोकसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी असम पहुंची। मंदाकिनी ने बरपेटा लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार दुलू अहमद के रोड शो में भाग लिया। बाद में मंदाकिनी ने पत्रकारों से भी बातचीत की। मीडिया से बातचीत करते हुए अभिनेत्री मंदाकिनी ने बरपेटा लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी दुलू अहमद को जहाज चुनाव निशान पर वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। अभिनेत्री ने कहा कि जो लोग जनता की सेवा करते हैं और क्षेत्र के लिए कार्य करते हैं उन्हें वोट देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुलू अहमद हमेशा ही जनता की सेवा में लगे रहते हैं। उल्लेखनीय है कि दुलू अहमद आम आदमी पार्टी से टिकट मांग रहे थे। आम आदमी पार्टी से टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। ज्ञात हो कि बरपेटा लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी संख्या है। बीते लोकसभा चुनाव में यहां से कांग्रेस के उम्मीदवार अब्दुल खालेक चुनाव जीते थे। इस चुनाव में कांग्रेस ने निवर्तमान सांसद खालेक को टिकट देने के बदले द्वीप बायन को टिकट दिया। जबकि, एनडीए समर्थित असम गण परिषद ने यहां से फणि भूषण चौधरी को टिकट दिया। ऐसे में स्वाभाविक रूप से मुस्लिम मतदाताओं की पहली पसंद दुलू अहमद होंगे। दुलू अहमद का नाम राज्य के करोड़पति उम्मीदवारों में सुमार है। चुनाव आयोग को दिए गए ब्यौरा के मुताबिक दुलू अहमद की निजी संपत्ति 65 करोड़ रुपए की है। चुनाव प्रचार में निर्दलीय प्रार्थी होते हुए भी दुलू अहमद ने जमकर प्रचार किया। मंदाकिनी का बरपेटा आना स्थानीय वोटरों के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र रहा।

# महानगर परिवहन विभाग का नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित




**गुवाहाटी।** महानगर परिवहन विभाग द्वारा फ्री हेल्थ एवं आई चेकअप का का आयोजन किया गया। ज्ञात है कि असम में लोकसभा के तीसरे चरण में अन्य लोकसभा क्षेत्रों के साथ गुवाहाटी का भी चुनाव 7 मई को होने जा रहा है। इसके लिए गुवाहाटी महानगर परिवहन विभाग द्वारा 392 बसों का अधिग्रहण किया गया है जिसे बेटकुची के आईएसबीटी में रखा गया है। जिसे कल 6 मई को विभिन्न मतदान केंद्रों पर रवाना किया जाएगा जिसको लेकर आज आईएसबीटी में डेप्युटी कमिश्नर गौतम दास के निर्देशन में फ्री हेल्थ एवं आई चेकअप कैंप लगाया गया जहां सैकड़ों बस ड्राइवरों एवं खलासियों ने अपनी जांच करवाई ,इसी के साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ड्राइवरों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें ड्राइविंग करते समय किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में जानकारी दी गई।

## चितला और शक्तिआश्रम में जीएसपी प्रार्थी बिनीता डेका का चुनाव प्रचार कार्यक्रम संपन्न

**कोकराझाड़ (विभास)।** एक नंबर कोकराझाड़ लोकसभा चुनावी क्षेत्र के शक्तिआश्रम और चितला में आज जीएसपी के उम्मीदवार बिनीता डेका ने दूकान-दूकान जाकर लोगों से वोट देने की अपील की। उन्होंने सड़क पर मिले हर लोगों से मतदान की अपील की। इसके अलावा उन्होंने सड़क पर मिले लोगों से मिले लोगों तथा उनकी हित को लेकर चर्चा भी की। साथ ही उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में मतदान के लिए लोगों से आग्रह किया। साथ ही उन्होंने पत्रकारों के साथ हुए बातचीत में कहा कि एक नंबर कोकराझाड़ सीट से उनकी जीत लगभग तय है। जनता उनके साथ हैं, वे जहां भीं गई वहां लोगों ने उनकी भरपूर स्वागत भी की।



# रंगिया : दुकान में चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**रंगिया (विभास)।** रंगिया के आईओसी चौक पर स्थित एक दुकान में चोरी होने की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक चोर ने रात्रि 3 बजे उक्त दुकान में घुसकर दुकान के कैश बक्से से पांच हजार रूपए चुराने के अलावा दुकान से 25 पैकेट सिगरेट चोरी करने और दुकान को तहस नहस करने की बात दुकान के मालिक द्वारा बताई गई है। उसने बताया कि दुकान में घुसने के बाद चोर ने फ्रिज से कोल्ड ड्रिंक्स निकालकर पी पर अन्य सामान होते हुए भी चोर ने उन्हे हाथ नहीं लगाया। वहीं चोरी की सारी घटना दुकान की सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात का उल्ललेख किया। बताया कि जब उन्होने सुबह दुकान खोली तो दुकान के सभी सामान इधर उधर बिखरे नजर आए तभी सीसीटीवी कैमरे में देखने पर चोरी होने की घटना का पता चल पाया। दुकान के मालिक द्वारा चोर की पहचान कर लिए जाने की बताई गई है वहीं इसकी शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।




## कोकराझाड़ : एनडीए प्रार्थी जयंत बसुमतारी के समर्थन में बंगाली युवा छात्र फेडरेशन

**कोकराझाड़ (विभास)।** आज अलग-अलग हुए संवाददाता सम्मेलन में ऑल असम बंगाली युवा छात्र फेडरेशन के जोनल कमिटी के अध्यक्ष राजीब सरकार ने एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी को समर्थन करते हुए लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। वहीं दूसरी ओर बीटीआर अनुसूचित छात्र संगठन ने एक नंबर कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी को समर्थन किया है। इसकी जानकारी संवाददाता सम्मेलन के जरिए बीटीआर अनुसूचित छात्र संगठन के प्रदीप सरकार ने दी। एक नंबर कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बीपीएफ के उम्मीदवार खांफा बरगयारी के समर्थन में फकीराग्राम ब्लॉक के नेता डॉ. राजाउल करीम, इनामूल हक, सुल्तान आलम ने आज जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया। वहीं फकीराग्राम बीपीएफ ब्लॉक कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से बीपीएफ के प्रार्थी खांफा बरगयारी को बारी मतों से मतदान कर उन्हें जीताने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि एक नंबर कोकराझाड़ चुनावी क्षेत्र में किसी दल के साथ बीपीएफ का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि लोग बीपीएफ के साथ हैं और काफी मतों के अंतर से बीपीएफ के उम्मीदवार की जीत पक्की है।

# जेसीआई, रंगिया रॉयल्स का तीन दिवसीय मेहंदी कार्यशाला आयोजित




**रंगिया (विभास)।** अग्रणी संस्था जेसीआई रंगिया रॉयल्स द्वारा तीन दिवसीय प्रगति 1.0 (सीखें और कमाएं) नामक एक विशेष मेहंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलाकार श्रीमती सोनिया मिश्रा के प्रशिक्षण द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इस कार्यशाला का बृहस्पतिवार को सफल समापन किया गया। कार्यशाला में 13 युवतियों ने भाग लिया और मेहंदी लगाने की कला को वेहतर तरीके से सीखा तथा अपनी आजीविका के पथ पर अग्रसर हुई। कार्यक्रम में दो सर्वश्रेष्ठ शिक्षार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शाखा अध्यक्ष शोभा अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित। इस कार्यशाला में संयोजक पूजा वैद्य, निकिता वैद्य और मोनिका ने इस परियोजना को सफल रूप दिया। वहीं शाखा के सभी अन्य सदस्यों तथा पदाधिकारियों ने भी अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## कामरूप में चला रहे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वोट *शिखा यात्रा* कार्यक्रम का समापन

**रंगिया (विभास)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कामरूप चुनाव जिले द्वारा इसके अंतर्गत 965 मतदान केंद्र को लेकर चलाए वोट शिखा जागरूकता अभियान का शुक्रवार को शराईघाट उच्च मध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र में समापन किया गया। मालूम हो कि यह वोट शिखा जागरूकता यात्रा पिछले 20 अप्रैल को रामपुर स्थित हालीगांव उच्च मध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र से शुरू की गई थी और कामरूप चुनावी जिले के समरिया, बोको-छयगांव, पलाशबाड़ी, हाजो-शुवालकुची विधानसभा क्षेत्रों के 965 मतदान केंद्रों को कवर किया। उल्लेखनीय है कि कामरूप जिले के स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम के तहत की गई। इस यात्रा का उद्देश्य सभी मतदाताओं को आगामी 7 मई को लोकसभा मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित करना था। वोट शिखा जागरूकता यात्रा के समापन कार्यक्रम में जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्त, बोको राजस्व चक्र अधिकारी और स्वीप सेल की सहायक अधिकारी सोमा रॉय उपस्थित रही।



## कछार में 1.80 किग्रा हेरोइन के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**कछार (हिंस)।** ड्रग्स के खिलाफ कछार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कछार पुलिस ने रविवार को बताया कि लखीपुर और धलाई थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से कुल 1 किलो 800 ग्राम हेरोइन जब्त करने में कामयाबी हासिल की। जब्त हेरोइन की कीमत 9.5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार धलाई पुलिस ने नाका चेकिंग करते समय एक बोलेरो के तेल टैंक से हेरोइन से भरे 74 साबुनदानी जब्त किए। जिसमें से कुल 1.036 ग्राम हेरोइन जब्त की गई और रजीबुल इस्लाम लस्कर नामक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आपूर्तिकर्ता हेरोइन को पड़ोसी राज्य मणिपुर से कछार के माध्यम से बाहरी राज्य में ले जाने की योजना बना रहे थे। इस बीच पुलिस ने लखीपुर के पलेरबंदा से भी भारी मात्रा में हेरोइन जब्त की है। लखीपुर के एसडीपीओ पार्थ प्रतिम दुवरा के नेतृत्व में बांसकांदी पुलिस ने एक बाइक पर छापा मारा और हेरोइन से भरे 55 साबुनदानी जब्त किए। कुल 700 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। जब्त हेरोइन की कीमत कई करोड़ रुपए आंकी जा रही है। गौरतलब है कि पुलिस ने शमीम लस्कर नामक तस्कर को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया।

